Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 23-07-2022 अंक 293

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 23-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## समेकित नाई समाज का किया गया पुनर्गठन अध्यक्ष बने इंद्रदेव ठाकुर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल नाई समाज के लोग

बरही प्रखंड अंतर्गत गैरियाकरमा पंचायत के चरवाहा विद्यालय में समेकित नाई समाज की बैठक इंद्रदेव ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में चर्चा किया गया की समेकित नाई समाज में सभी तरह के लोग किसान का कार्य करते है। इस वर्ष वर्षा नहीं होने के कारण क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे किसानों को काफी क्षति हुई है। मौके पर समेकित नाई समाज का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर देवचंदा, सचिव अरुण ठाकुर गौरिया, कोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर धोबियाटांड़ को बनाया गया । कार्यकारिणी सदस्यों में केदार ठाकुर, मिस्त्री ठाकुर, केशो ठाकुर पिंडारकोंन, जगदीश ठाकुर नचनवे, रामधनी ठाकुर, दिवाकर शर्मा खैरोन, प्रदीप ठाकुर करमा, संजय ठाकुर करमा, जानकी ठाकुर भंडारों, रामलाल ठाकुर धोबियाटांड़, अर्जुन ठाकुर गोरिया, देवनारायण ठाकुर देवचंदा एवं गोवर्धन ठाकुर शामिल किया गया। बैठक में संतोष कुमार शर्मा, चंदन शर्मा, महेंद्र ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, रितेश कुमार शर्मा, राजू ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, गणेश कुमार, बबलू कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, रामजी ठाकुर, पुनीत ठाकुर, जगेश्वर ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, केशो ठाकुर, अरुण ठाकुर, द्वारिका ठाकुर, कारू ठाकुर, जगदीश ठाकुर एवं मनोज ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में सीसीए के तहत क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कले मॉडलिंग प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना में शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को सीसीए के तहत क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दूसरा से लेकर दसवां तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन दो ग्रुप में किया गया। जूनियर ग्रुप और सीनियर ग्रुप । जूनियर ग्रुप में कक्षा दो से लेकर कक्षा छठा तक के बच्चों ने भाग लिया और सीनियर ग्रुप में कक्षा सप्तम से लेकर दशम तक के बच्चों ने भाग लिया। सीनियर ग्रुप से नेहा ग्रुप कक्षा दशम, अंशु कुमारी कक्षा नवम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रंजन ग्रुप और श्रुति ग्रुप कक्षा दशम और कृष्णा कुमार कक्षा आठवां ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मनीषा ग्रुप कक्षा आठवां दीपक ग्रुप कक्षा दसवां और आर्यन ग्रुप कक्षा सातवां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर ग्रुप से ज़ैनब खातून कक्षा छठा और जूही ग्रुप कक्षा छठा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का ग्रुप कक्षा पांचवा और अंकित ग्रुप कक्षा चौथा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही सोनम प्रवीण कक्षा पांचवा और सकीना प्रवीण कक्षा तीसरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यालय प्राचार्य नितेश कुमार ने बच्चों की प्रतिभा को काफी सराहा । विद्यालय निदेशक टुकलाल साहू ने बच्चों की उत्साह को देखकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने बताया कि क्ले म०डलिंग बच्चों के खेल के साथ-साथ कुछ डिफरेंट करते हैं।और साथ ही इस प्रकार के प्रतियोगिता से बच्चे ध्यान केंद्रित करना सीखते हैं। !कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद सीसीए विभाग की शिक्षिका विभाग शर्मा नरेश कुमार, अजय कुमार, दाऊद अंसारी, अरुण कुमार, अमर कुमार, शिक्षिकाएं प्रियंका कुमारी, कल्पना कुमारी, डिंपल कुमारी, शीला कुमारी, सरिता कुमारी, कोमल कुमारी एवं कविता कुमारी ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता गिरिडीह स्टेडियम में जारी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के तत्वावधान में जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 22.07.2022 से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज दिनांक 23/07/ 2022 को युक्त प्रतियोगिता का दूसरा दिन का प्रतियोगिता संपन्न हुआ जिसमें न/17 उम्र के तहत बालिका वर्ग में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेंगाबाद के द्वारा उच्च विद्यालय बरहमोरिया गिरिडीह को 1– 0 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किए, साथ ही पूर्व में सेमीफाइनल में पहुंचे उच्च विद्यालय नगरी, डुमरी तथा निर्मला बालिका हाई स्कूल महेशमुंडा गांडेय के बीच संपन्न प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय नगरी डुमरीप की टीम 1– 0 से विजय बनते हुए फाइनल में स्थान बनाए स बालक वर्ग के यू/17 के तहत प्लस टू अग्रवाल उच्च विद्यालय तीसरी एवं + 2 टीकेएमके उच्च विद्यालय जरीडीह के बीच खेले गए मैच में + 2 अग्रवाल उच्च विद्यालय ज्पेतप 1– 0 से विजय रहे तथा दूसरे मैच के अंतर्गत + 2 वीरेंद्र आयन उच्च विद्यालय डोरंडा धनवार एवं जनार्दन सिंह उच्च विद्यालय चतरो देवरी के बीच खेले गए मैच में + 2 वीरेंद्र आयन उच्च विद्यालय डोरंडा धनवार की टीम टाई बेकर के माध्यम से 5 – 3 से विजय रहे स युक्त प्रतियोगिता में जिला खेल पदाधिकारी श्री अर्जुन बरला तथा अन्य सभी टेक्निकल एंड नन टेक्निकल कर्मियों का सहयोग रहा ।

## उपायुक्त ने किया तिसरी प्रखंड का दौरा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज दिनांक23.07.2022 को उपायुक्त गिरिडीह के द्वारा तीसरी प्रखंड का भ्रमण किया गया । तिसरी में उपायुक्त को जानकारी दी गई कि तिसरी में पेयजल की काफी समस्या है। पेयजल के अभियंता के द्वारा बताया गया कि सिंगल विलेज जलापूर्ति योजना की स्वीकृति प्राप्त है साथ ही निविदा की प्रक्रिया भी हो चुकी है जल्द ही पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा । उपायुक्त के द्वारा खरपोक करणपुरा गांव का भी भ्रमण किया गया स वहां पर गैरमजरूआ जमीन का सर्वे ऐप के माध्यम से किया जा रहा है । निर्देश दिया गया कि वहां पर जो नदी नाला है उसका भी ऐप से सर्वे किया जाए । तीसरी में बाल तस्करी (ट्रैफिकिंग) के प्रति जन – जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया स बाल तस्करी को समाप्त करना है एवं गिरिडीह जिला को बाल शोषण ,बाल दुर्व्यवहार मुक्त जिला बनाना है । इस अवसर पर उप–विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तिसरी , अंचल अधिकारी तिसरी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे ।















दिनांक: 23-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## एनटीपीसी ने क्षेत्र के जल स्तर को बढ़ाने को लेकर चौक डैम का निर्माण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा खोरहा एवं पकवा नाला पर बने पाँच चौकडैम को ग्रामीणों को सौंपा गयास जिसका निर्माण झारखंड सरकार के लघु सिंचाई विभाग, हजारीबाग द्वारा किया गया। इस योजना को एनटीपीसी द्वारा वित्त–पोषित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य खनन क्षेत्र में पड़ने वाले गावों मैं सिंदवारी, देवरिया, जुगरा, अरहरा एवं लंगातू के जल स्तर को बढ़ाना है। पाँच गावों के लगभग 200 स्कवेर किलोमीटर क्षेत्र का जलस्तर सुदृढ़ होगा एवं किसानों को कृ षि एवं अन्य कार्यों मैं लाभ मिलेगा। पाँच गावों के दो–दो लाभुक समितियों के बीच पम्प सेट और पाइप का भी वितरण किया गया जिससे सिंचाई कार्य लाभान्वित होंगे। परियोजना द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्र के जल स्तर को बढ़ाने के महत्व को ध्यान में रखते हुये यह कदम उठाया गया है। मौके पर एनटीपीसी महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्र का घटता जलस्तर एक चिंता का विषय है ।हमें इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। एनटीपीसी के लिए पर्यावरण हमेशा से ही सर्वोपरि रहा है। वही सात और चौक डैम के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मौके पर लघु सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता जितेंद्र कुमार महतो एवं एनटीपीसी के के.चन्द्रशेखर, महाप्रबंधक (इन्फ्रा), रंजीत कुमार, उपमहाप्रबंधक (सिविल), राकेश कुमार रंजन, उपमहाप्रबंधक (सिविल), शिवकान्त किशोर, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बड़कागांव P1 पानी पंप का पेपर सोपते एनटीपीसी के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव







## सीबीएसई 10th का रिजल्ट जारी

### 93.8 प्रतिशत लाकर प्रितिका मिश्रा बनी स्कूल टॉपर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव–– सीबीएसई कक्षा 10 के रिजल्ट जारी होने पर बड़कागांव हजारीबाग रोड में अंग्रेजी माध्यम से संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई में अपना परचम लहराया है। कक्षा 10 के प्रीतिका मिश्रा ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ–साथ प्रखंड का नाम राज्य स्तर पर बढ़ाया है। वही अभिनव वर्मन 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान बनाया है वहीं तीसरे स्थान पर कोमल कुमारी 86.6% कलाकार अपना स्थान बनाया है। वही नितेश कुमार मेहता 85% चंदन कुमार 77%, राहुल कुमार 77ः उदय मिश्रा, करीना कुमारी, शालिनी कुमारी,चंदन कुमार,आदेश कुमार साहित सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित किया है। विद्यालय टॉपर कृतिका मिश्रा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व अपने माता–पिता को दिया है आगे वह कहा कि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं बहुत अच्छे प्रकार की कड़ी मेहनत कर हम सभी बच्चों को पढ़ाने का कार्य किए जिसका परिणाम आज सभी लोगों के सामने हैं। इसके अलावा सभी सभी सफल छात्र–छात्राओं ने अपने सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। इस संबंध में विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने सभी सफल छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सब विद्यार्थियों और शिक्षकों का कड़ी मेहनत का परिणाम है की गांव के भी बच्चे सीबीएसई में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक व बच्चे जी तोड़ मेहनत करते हैं जिसका परिणाम है कि कम सुविधाओं में भी गांव के बच्चे शहर के बच्चे के बराबर नंबर लाने में सफल हुए हैं। बड़ों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उसे निखारने की जरूरत है जो काम हमारा विद्यालय पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा।

## ज्ञानोदय विकास स्कूल बड़कागांव के सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में सुनैना गुप्ता को मिला 90.6% अंक

### सीबीएसई के परीक्षा में छात्र–छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन से विद्यालय में हर्ष का माहौल



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में ज्ञानोदय विकास स्कूल बड़कागांव के सुनैना गुप्ता ने 90.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड एवं विद्यालय का नाम रौशन किया है। जबकि विद्यालय में दूसरे स्थान पर 82.6 फीसदी अंकों के साथ यशवंत कुमार, तीसरे स्थान पर सावन कुमार 81 प्रतिशत अंक लाकर रहे। इसके साथ ही चौथे स्थान पर आदेश कुमार, आशीष राज सोनी कुमारी पांचवे स्थान पर अमन कुमार छठे स्थान पर आशीष कुमार, सातवें स्थान पर भारती कुमारी, आठवें स्थान पर यूनिक भारती, नौवें स्थान पर उज्जवल कुमार, दसवें स्थान पर रहे, वही राजा कुमार शाह, शिवानी कुमारी, आकाश कुमार, राजन कुमार, कुणाल कुमार, नयन कुमार, पिंटू कुमार ने बेहतर अंक प्राप्त कर बोर्ड परीक्षा पास की वहीं विद्यालय में छात्र–छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन थे हर्ष का माहौल है। अभिभावक छात्रों के प्रदर्शन से खुश है। बोर्ड परीक्षा में सफल सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता व ज्ञानोदय विकास स्कूल के शिक्षकों को दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रियासत हसन द्वारा सभी सफल छात्रों को बधाई दी। विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया है।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर


## हाथियों के झुंड को भगाने के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर जनप्रतिनिधियों ने लगाई मदद की गुहार

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांवरू चेपाकला पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त नैंसी सहाय के पास आवेदन सौंपकर मुआवजा एवं प्रखंड के चेपाकला पंचायत अंतर्गत ग्राम जुगरा टोला पंदनवाटांड़ में 18 जुलाई से लगातार हाथियों के झुंड ने 7 घरों को छतिग्रस्त कर दिया है। शुक्रवार की सुबह जुगरा में मोसेमात सरस्वती देवी का घर तोड़कर घर में रखे अनाज को हाथी चट कर गया। गांव के बगल में जंगल में हाथियों का झुंड रहता है और रात के समय ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच जा रहा है। इस संबंध में वन विभाग को फोन पर सूचित किए जाने के बावजूद भी हाथी भगाने का कार्य नहीं किया जा रहा है। पसस कृष्णा राम ने कहा के वन विभाग के कर्मचारियों का फोन ज्यादा तर बंद रहता है। जब कभी फोन लगता है तो वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा यह बोल दिया जाता है हमारे पास हाथियों को भगाने के लिए पर्याप्त साधन नहीं है। पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम प्रत्येक दिन पीड़ित परिवार से मिलकर खाद्य सामग्री पहुंचाने का काम कर रहे हैं। पीड़ितों में गिरधारी गंझू, बालेश्वर गंझू, महेश गंझू, तुलसी गंझू, जगदीश गंझू, फूलमती गंझू, रूपलाल तुरी 2 दिनों से बेघर हैं। हाथियों के झुंड से जान बचाने के लिए पास के विद्यालय के छत पर आश्रय लिए हुए हैं। बरसात के दिन में विद्यालय के छत में आश्रय लेना काफी दुखदाई है। इस संबंध में पंचायत के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर जल्द से जल्द हाथियों को भगाने के लिए पर्याप्त करवाई करने का आवाहन किया । मामले पर संज्ञान लेते हुए हजारीबाग उपायुक्त ने संबंधित विभागों को हाथियों को भगाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद की जाएगी। बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने कहां के पीड़ित परिवारों को जल्द ही उचित मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त को आवेदन देने के समय मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक, पंचायत समिति कृष्णा राम, युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू, वार्ड सदस्य सुनील कुमार खाईटू सिंह भोक्ता, जगदीश गंझू भोला गंझू अशोक गंझू अमृत गंझू वर्षो देवी, मोहानी देवी,फूलमती देवी,दिलीप भोगता सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मध्य विद्यालय सुग्गासार में मध्यान भोजन राशी वितरण में अनियमितता

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

झारखंड सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के बड़े बड़े बजट बनाती है और उसे धरातल पर उतारती है मगर राशि विद्यालय आते आते या तो कागजों में सिमट कर रह जाती है या फिर जैसे तैसे खानापूर्ति कर राशि की बंदरबांट कर ली जाती है। आजकल पूरे गिरिडीह जिला में सरकारी स्कूलों में मध्यान भोजन राशी वितरण में मनमानी तरीके से राशि वितरण कर शेष राशि का बंदरबांट कर लेने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। रोज अखबारों की सुर्खियों में छाई रहती है मध्यान भोजन राशी वितरण में अनियमितता का मामला। गिरिडीह शिक्षा विभाग द्वारा शिकायत मिलने पर कई विद्यालय प्रबंधन समिति को भंग करने का आदेश जारी कर दिया अब सवाल उठता है कि विद्यालय प्रबंधन समिति भंग मात्र कर देने से विद्यार्थियों का गबन किया गया राशि उसे मिल जाएगा? अगर नही तो शिक्षा विभाग विद्यालय प्रबंधन समिति पर विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए गबन किए गए राशि को जब्त कर विद्यार्थियों के बीच वितरण कराने का कार्य करे तभी सरकारी विद्यालय भ्रष्टाचार से मुक्त हो पाएगा। मध्यान भोजन राशी वितरण में अनियमितता का एक ऐसा ही मामला गिरिडीह सदर प्रखंड-2 सह अंचल अन्तर्गत मध्य विद्यालय सुग्गासार में सरकार द्वारा दी गई मध्यान भोजन राशी वितरण में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा मन. मानी करने का मामला प्रकाश में आया है। विद्यार्थियों का कहना है कि कक्षा एक से पांच तक को 900रुपए और कक्षा छह से आठ तक को 1200रुपए दिया गया जबकि सरकारी आदेश में राशी कुछ और ही दर्शाया गया है। कक्षा एक में विद्यार्थियों की संख्या 04, कक्षा दो में 16, कक्षा तीन में 22, कक्षा चार में 26, कक्षा पांच में 23, कक्षा छह में 72, कक्षा सात में 83और कक्षा आठ में 55विद्यार्थी ल०क डाउन और ग्रीष्मावकाश में नामांकित थे जिस समय की राशि उपलब्ध कराई गई। कुल 301विद्यार्थियों में से कई विद्यार्थी के बैंक खाते में मध्यान भोजन राशी हस्तांतरित पूर्व में ही विभाग द्वारा जारी कर दी गई थी जिसकी राशी इस बार नही दी गई है। कई विद्यार्थियों का केवल नामांकन विद्यालय में है और अध्ययनरत किसी अन्य विद्यालय में है। जब राशि वितरण करने की बारी आई तो विद्यालय प्रबंधन समिति और सचिव ने सरकारी आदेश को दरकिनार करते हुए मनमानी तरीके से मध्यान भोजन राशी वितरित कर दिया। जब विद्यालय सचिव अनिता मिश्रा से इस विषय पर जानकारी मांगी गई तो उन्होंने गोलमटोल जवाब देते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के निर्णय के आधार पर राशि का वितरण किया गया है। प्रबंधन समिति के अध्यक्षा और संयोजिका ने कोई जवाब नहीं दिया और विद्यालय से चली गई। सवाल यह उठता है कि आखिर सरकार/शिक्षा विभाग जिम्मेदार है इस मनमानी का या विद्यालय प्रबंधन समिति? विद्यालय में मध्यान भोजन का मेन्यू चार्ट भी सार्वजनिक नही किया गया है और सरकारी मेन्यू के अनुसार विद्यार्थियों को भोजन भी नहीं मिलता है। विद्यार्थियों का कहना है कि रसोइया भोजन मन. माने तरीके से परोसती है। कक्षा एक से लेकर छह तक के बच्चो को भरपेट भोजन नही मिलना गंभीर विषय है। फिलहाल यह जांच का विषय है। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग गिरिडीह इस विषय पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करे और दोषियों को चिंहित कर उसे कड़ी से कड़ी सजा दे।

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बडकागांव : भारतीय मजदूर संघ बड़कागांव प्रखंड कार्यालय सोमवार बाजार स्थित परेवातरी में संघ की 67 वीं स्थापना दिवस संघ की झंडा को फहराकर एवं बुलंद नारे लगाकर मनाया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ भारत का सबसे बड़ा केन्द्रीय श्रमिक संगठन है। इसकी स्थापना भोपाल में महान विचारक दत्तोपन्त ठेंगडी द्वारा प्रख्यात स्वतन्त्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जन्मदिवस 23 जुलाई 1955 को हुई। मिडिया प्रभारी ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी ने कहा कि भारत के अन्य श्रम संगठनों की तरह यह किसी संगठन के विभाजन के कारण नहीं बना, एक विचारधारा के लोगों का सम्मिलित प्रयास का परिणाम था। यह देश का पहला मजदूर संगठन है, जो किसी राजनैतिक दल की श्रमिक इकाई नहीं, बल्कि मजदूरों का, मजदूरों के लिए, मजदूरों द्वारा संच. ालित अपने में स्वतन्त्र मजदूर संगठन है मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रसाद कुशवाहा, सचिव विरेन्द्र ओझा, मीडिया प्रभारी ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मिथलेश साव, छोटू राणा, शंकर साव, राजेश राणा, मोहन कुमार, लालु राणा, प्रसाद राणा, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे

## पत्रकार दीपक सिन्हा ने मतदान के पहले किया रक्तदान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव दैनिक भास्कर रिपोर्टर दीपक सिन्हा ने शनिवार को हजारीबाग में जिला पत्रकार संघ के चुनाव मे मतदान के पूर्व रक्तदान कर अपने समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश किया है। दीपक सिन्हा ने कहा कि यह मेरी छठी रक्तदान है। मुझे ऐसा लगा कि मतदान के पूर्व मैं रक्तदान करूं। ताकि जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सके।







सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाकपा माले ने गिरिडीह नगर, मुफ्फसिल क्षेत्रों में किया पार्टी विस्तार उड़ी विपक्षियों की नींद




**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह और उसके आस पास के क्षेत्रों में माले का जनाधार को बढ़ते हुए देख सत्ता और विपक्ष आश्चर्यचकित हो रहे है,लाल झंडे का गिरिडीह में अपार संभावना है। भाकपा माले गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने जिला सचिव पुरण महतो के निर्देश पर माले को नगर में 36 वार्ड को 9 प्रभारी के बदौलत आगे बढ़ाएंगे, एक एक प्रभारी को 4-4 वार्ड का प्रभार दिया जाएगा,9 प्रभारी ही 36 वार्ड के 36 अलग अलग प्रभार को चुनकर बाटेंगे,शर्त होगा कि उनको अपने इलाके में अपने वार्ड में 15-20 माले के मेंबर,100 झारखंड ग्रामीण मजदूर संगठन,फैक्टरी मजदूर का संगठन 25 की संख्या में हो,ऐपवा महिला संगठन की संख्या 25 हो, इंकलाब नौजवान सभा के मेंबर की संख्या 25 आयसा स्टूडेंट विंग की संख्या 25 हो,इसी प्रकार ग्रामीण इलाके में किसान महासभा का 100 मेंबर हो आदि आदि संगठन का प्रभार भी दिया जाएगा।

भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि इसी प्रकार मुफ़्फ़सील क्षेत्र के हरेक ग्राम में संगठन बनेगा,सभी संगठन का प्रभार दिया जाएगा अपने अपने क्षेत्र में बेहतर काम करें माले के सभी विंग में काम करने वाले लोग को एकत्रित कर बड़ा सम्मेलन होगा,जिसमें हजारों की की संख्या में लोग होंगे। पीरटांड़ में संगठन का कार्य चल रहा था किंतु अब गिरिडीह नगर और मुफ्फ़सील के जैसा ही पीरटांड़ में बेहतर कार्य किया जाएगा,संगठन में जुड़ने के लिए सैकड़ो लोगो ने अपनी सहमति दी है,श्री सिन्हा जल्द बैठक करें सभी क्षेत्रो में मेंबर बनाएंगे,माले के सभी विंग को पीरटांड़ में स्थापित करना है। जिला सचिव पुरण महतो के नेतृत्व में 25-30 ठोस पुराने नए नेतृत्वकर्ता साथियो के साथ 8-10 घंटे की बैठक के बाद ठोस निर्णय प्रभार का लिया जाएगा,ज०न वाईज मुफ्फ़सील,पीरटांड़ और शहर में भी बनेगा,जिला सचिव पुरण महतो ने बताया कि गिरिडीह विधानसभा में लाल झंडे की अपार संभावनाएं है,फेक्ट्री मजदूर,बालू मदजुर,रोज कमाने वाले मजदूर,मध्यम वर्गीय या बेहतर सोच वाले कोई भी हो उनको माले से जोड़ा जाएगा। सभी क्रांतिकारी सोच वाले लोग को माले आज नहीं तो कल बेहतर लगना स्वाभिक है,माले के सभी साथी जोर शोर से लगे।

## माले ने शहर,मुफ़्फ़सील और पीरटांड़ में फैलाव के लिए बनाया स्ट्रेटजी- राजेश सिन्हा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने जिला सचिव पुरण महतो के निर्देश पर माले को नगर में 36 वार्ड को 9 प्रभारी के बदौलत आगे बढ़ाएंगे, एक एक प्रभारी को 4-4 वार्ड का प्रभार दिया जाएगा,9 प्रभारी ही 36 वार्ड के 36 अलग अलग प्रभार को चुनकर बाटेंगे,शर्त होगा कि उनको अपने इलाके में अपने वार्ड में 15-20 माले के मेंबर,100 झारखंड ग्रामीण मजदूर संगठन,फैक्टरी मजदूर का संगठन 25 की संख्या में हो,ऐपवा महिला संगठन की संख्या 25 हो, इंकलाब नौजवान सभा के मेंबर की संख्या 25 आयसा स्टूडेंट विंग की संख्या 25 हो,इसी प्रकार ग्रामीण इलाके में किसान महासभा का 100 मेंबर हो आदि आदि संगठन का प्रभार भी दिया जाएगा। भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि इसी प्रकार मुफ़्फ़सील क्षेत्र के हरेक ग्राम में संगठन बनेगा,सभी संगठन का प्रभार दिया जाएगा अपने अपने क्षेत्र में बेहतर काम करें माले के सभी विंग में काम करने वाले लोग को एकत्रित कर बड़ा सम्मेलन होगा,जिसमें हजारों की की संख्या में लोग होंगे। पीरटांड़ में संगठन का कार्य चल रहा था किंतु अब गिरिडीह नगर और मुफ़्फ़सील के जैसा ही पीरटांड़ में बेहतर कार्य किया जाएगा,संगठन में जुड़ने के लिए सैकड़ो लोगो ने अपनी सहमति दी है,श्री सिन्हा जल्द बैठक करें सभी क्षेत्रो में मेंबर बनाएंगे,माले के सभी विंग को पीरटांड़ में स्थापित करना है।

जिला सचिव पुरण महतो के नेतृत्व में 25-30 ठोस पुराने नए नेतृत्वकर्ता साथियो के साथ 8-10 घंटे की बैठक के बाद ठोस निर्णय प्रभार का लिया जाएगा,ज०न वाईज मुफ़्फ़सील,पीरटांड़ और शहर में भी बनेगा,जिला सचिव पुरण महतो ने बताया कि गिरिडीह विधानसभा में लाल झंडे की अपार संभावनाएं है,फेक्ट्री मजदूर,बालू मदजुर,रोज कमाने वाले मजदूर,मध्यम वर्गीय या बेहतर सोच वाले कोई भी हो उनको माले से जोड़ा जाएगा।सभी क्रांतिक. ारी सोच वाले लोग को माले आज नहीं तो कल बेहतर लगना स्वाभिक है,माले के सभी साथी जोर शोर से लगे।




## सजोट के ग्रामीणों को मिली अंधेरे से मिली मुक्ति

### जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया उपलब्ध कराना प्राथमिकतारू जेपी पटेल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत के सजोट टोला में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया। पिछले आठ दिनों से सजोट में ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरा टोला शाम होते हीं अंधेरे की परेशानी से गुजर रहा था। इसके अलावा बिजली नहीं रहने से सभी लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विधायक ने कहा कि बिजली, सड़क तथा पानी मूलभूत सुविधाएं हैं। आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराना मेरी प्राथमिकता है। मैं हमेशा जनता की समस्याओं के निदान हेतु तत्पर हूं। मौके पर प्रयाग महतो, लखन महतो, बुधन महतो, शंकर महतो, धानेश्वर महतो, तेजलाल महतो, रोहित महतो, ईश्वर महतो, रमेश महतो, कौलेश्वर महतो समेत कई लोग मौजूद थे।


ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन करते विधायक समेत अन्य

## सती इंग्लिश अकैडमी हरली के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट, छात्रों में खुशी की लहर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : सती इंग्लिश अकैडमी हरली में संचालित इंग्लिश मीडियम विद्यालय में सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में सत प्रतिशत परिणाम घोषित हुए। जिसमें विद्यालय के टॉपर डिंपल भारती, द्वितीय स्थान स्वाति मेहता, तृतीय स्थान मुनेश्वर कुमार ने प्राप्त कर विद्यालय व गांव का नाम रौशन किया । वहीं अन्य बच्चे बादल कुमार, प्रीतम कुमार, अंजलि कुमारी, सोनम कुमारी , सिमरन, खुशबू कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी, सुमंत कुमार, सुमित कुमार,


SWATI MEHTA
D.O.B-16/09/2005

पंकज सोनी , शारदा कुमारी सहित अन्य कई विद्यार्थियों ने भी सफलता हासिल की। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय शिक्षक गण और अपने माता-पिता को दिए। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक किशोरी महतो व समस्त शिक्षक गण चंदन ठाकुर, राजेश पांडे, संजय कुमार, शैलेंद्र कुमार, विकास कुमार, किरण किमरी, अनीता कुमारी, श्वेता कुमारी, ममता कुमारी , किरण कुमारी, मनोज कुमार व अन्य सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है जो परिश्रम करेंगे उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

